## खबर संक्षेप

### चार दिवसी हनुमान शंकर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू



**नारायणगंज।** बस स्टैंड नारायणगंज परिसर में पीपल वृक्ष के नीचे हनुमान मंदिर में शंकर एवं हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना की जा रही है जो की 8 फरवरी से 11 फरवरी तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें आसपास के श्रद्धालु जन मंदिर देखने के लिए आ रहे हैं 9 फरवरी को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया है जिसमें आसपास क्षेत्र के लोग इस कलश यात्रा में शामिल होंगे 11 फरवरी को भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें सभी को पहुंचने के लिए अपील की गई है।

### हेलमेट, साइबर अपराध व नशा मुक्ति पर जानकारी देने चौपाल आयोजित

**मण्डला।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में माइक्रो बीट पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों को हेलमेट की अनिवार्यता, यातायात नियमों के पालन, नशा मुक्ति, साइबर अपराध से बचाव तथा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## फोंक सिझौरा में जुए का भंडाफोड़, 07 आरोपी पकड़े, 4 आरोपी फरार तलाश जारी

# जुआं फड़ पर छापा, 19 लाख से अधिक की जप्ती

*** 8 मोबाईल और 4 कार जप्त।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में, अवैध जुए के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 08/02/2026 की मध्य रात्रि में मंडला पुलिस की गठित विशेष टीम द्वारा एक बड़ी कार्यवाही की गई।

पुलिस को विश्वसनीय सूत्र से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम फोंक सिझौरा में कुछ लोग अवैध रूप से पैसा लगाकर खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक उपरांत उप पुलिस अधीक्षक सतीष चतुर्वेदी (महिला सुरक्षा मंडला), (प्रभारी एसडीओपी बिछिया) के नेतृत्व में 04 अलग-अलग पुलिस पार्टियां गठित की गईं।






योजनाबद्ध तरीके से की गई रेड कार्यवाही के दौरान फोंक सिझौरा स्थित उमेश राय उर्फ मुनिया के घर से जुआ खेलते हुए 07 आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ागया जिनमें वैभव मिश्रा(निवासी बिछिया), संजय चौकसे(निवासी बरगी), आनंद बंदेवार(निवासी बम्हनी), राजेश खमपरिया(निवासी बरगी), फरीद अली(निवासी परवाडा), सचिन उद्दे(निवासी बम्हनी बंजर), राजकुमार उर्फ राजा(निवासी अंजनिया) शामिल हैं। जांच एवं आरोपियों के कहे गये कथन के आधार पर यह भी सामने आया कि अतुल कटारे (निवासी बिछिया), महेश बंजारा (निवासी बम्हनी) जुआ खिलाने व नाल काटने वाले अलाल कसार (निवासी बिछिया) एवं उमेश राय उर्फ मुनिया (निवासी फोंक सिझौरा) अंधेरे का फायदा उठाकर घटना स्थल से फरार हो गए। जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

### 4 कारों को किया जप्त

जुआं फड़ पर की गई छापामार कार्यवाही में नगद राशि के रूप में 3,21,200/- रूपये साथ ही 08 मोबाइल फोन एवं 04 चार पहिया वाहन भी जप्त किये गये इन वाहनो में MP20 ZX 7828, MP20 MC 1642, MP20 CL 5533, ये वाहन शामिल हैं। कुल जो सामग्री जप्त की गई है जिसमें नगद राशि, वाहन व मोबाइल शामिल हैं उनका अनुमानित मूल्य सहित कुल राशि लगभग 19,01,200/- है।

उक्त प्रकरण में गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट एवं धारा 49 बीएनएस के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही की गई है। छापामार टीम में जिन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उनमें सतीष चतुर्वेदी, डीएसपी (महिला अपराध शाखा) मंडला, निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम (थाना प्रभारी बिछिया), निरीक्षक ममता परस्ते, निरीक्षक गिरीष करवेती, निरीक्षक जयसिंह यादव, सउनि. बालमुकुन्द चौरसिया, सउनि. सुरेश विजयवार, सउनि. भूमेश्वर, सउनि. जगदीश सैयाम, प्र.आर. महेन्द्र कुशराम, प्र.आर. भभूत, आर. अमृत मरावी, आर. वैभव, आर.मनीष, आर.संदीप, आर. दिनेश वरकडे, आर.हेमेन्द्र, आर.सुरेश पंचेश्वर, आर.चन्द्रभान, आर.काशी, आर. संजय, आर. सुधीर, आर. राजेश, आर. सुन्दर, आर. रमेश एवं आर. शिवा नाविक प्रमुख रहे।

## मंडला मिलेट फूड फेस्टिवल का आयोजन 13 एवं 14 फरवरी को




*** 50 से अधिक स्टॉल पर उपलब्ध रहेंगे मिलेट्स के स्वादिष्ट व्यंजन।**

मोटे अनाज (श्री अन्न) के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन मंडला एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा आगामी 13 एवं 14 फरवरी को दो दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पुलिस ग्राउंड में प्रतिदिन शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। जानकारी के अनुसार फूड फेस्टिवल में मिलेट्स (कोदो, कुटकी, रागी आदि) से बने स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजनों के 50 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉल्स का संचालन मुख्य रूप से स्थानीय नागरिकों एवं स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा, जहाँ उनके द्वारा निर्मित शुद्ध और पारंपरिक उत्पाद विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे। व्यंजन प्रेमियों के लिए मिलेट शेफ कुकिंग प्रतियोगिता का विशेष आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। नागरिकों के मनोरंजन के विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संगीत का कार्यक्रम भी रखा गया है। जिला प्रशासन ने मंडला के समस्त नगरवासियों से इस फूड फेस्टिवल में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है।

## नर्मदा नदी के कछार क्षेत्र से लगभग एक लाख रूपए का अवैध शराब जप्त

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में मंडला शहर के समीप स्थित ग्राम खड़देवरी के किनारे नर्मदा नदी के कछार क्षेत्र में दबिश की कार्रवाई की गई। जिसमें मदिरा का निर्माण अवैध रुप से करने वाले अड्डों पर लगभग 95 डब्बे महुआ लाहन के मिले। नदी के पास रेत में डिब्बे दबाकर रखे हुए पाए गए थे। प्रत्येक डिब्बा में लगभग 10 किलो महुआ लाहन भरा था, इस प्रकार कुल 950 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया।

## फाइटर स्पोर्ट्स क्लब ने किया सेमीफाइनल और बी.एस.सी. गोरखपुर ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



फाइटर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित फाइटर कप सीजन 2 का आज का मुकाबला फाइटर स्पोर्ट्स क्लब एवं सनराइज स्पोर्ट्स के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर सनराइज स्पोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइज स्पोर्ट्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 166 रन बनाए। सनराइज स्पोर्ट्स क्लब की ओर से बल्लेबाजी में शिवांक यादव ने 51 रन अरुण नीखर ने 37 रन अनवर अली ने 30 रन प्रहलाद ने नाबाद 23 रन और राजा विश्वकर्मा ने 10 रनों की पारी खेली। फाइटर स्पोर्ट्स क्लब की ओर से गेंदबाजी में राहुल देव और योगेंद्र ने 2-2 विकेट और सचिन मरकाम ने 1 सफलता अर्जित की। 167 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फाइटर स्पोर्ट्स क्लब की शुरूआत काफी अच्छी रही योगेन्द्र की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से 8 विकेटों से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइटर स्पोर्ट्स क्लब की ओर से बल्लेबाजी में योगेन्द्र ने नाबाद 107 रन साहिल बरमैया ने 29 रन युवराज यादव ने 18 रनो का योगदान दिया। इस प्रकार फाइटर स्पोर्ट्स क्लब ने इस मुकाबले को 8 विकेटों से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच फाइटर स्पोर्ट्स क्लब के योगेंद्र रहे। इस मुकाबले में निर्णायक सत्यम बर्मन और ऋषि रघुवंशी रहे। शनिवार के दिन दूसरा मुकाबला मल्टी स्टार मवई और बी.एस.सी. गोरखपुर के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर मल्टी स्टार मवई ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया और पहले गोरखपुर को बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोरखपुर ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। जिसमें गोरखपुर की ओर से बल्लेबाजी में दिनेश साहू ने 38 रन ललित मरावी ने 33 रन अभिषेक श्रीवास्तव ने नाबाद 19 रन सतीश यादव ने 13 रन और अप्पू राव ने 12 रनों का योगदान दिया। मल्टी स्टार मवई की ओर से गेंदबाजी में आयुष पटेल ने 3 विकेट संजय ने 2 विकेट शंकर अशोक और अनुराग ने 1-1 सफलता अर्जित की। 156 रनो का पीछा करते हुए मल्टी स्टार मवई ने निर्धारित 20 ओवरों में धीमी बल्लेबाजी के कारण 7 विकेट खोकर 135 रन ही बना सकी और मल्टी स्टार मवई को इस मैच को 20 रनों से गंवाना पड़ा। मल्टी स्टार मवई की ओर से बल्लेबाजी में पवन उइके ने 31 रन सचिन ने 27 रन मानस चौरसिया ने 24 रन एल.आर. कोकड़ियि और अनुराग पटेल ने 11-11 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। गोरखपुर की ओर से गेंदबाजी में जागेश्वर मिश्रा ने 5 विकेट ललित मरावी एवं अभिषेक मरावी ने 1-1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार इस मुकाबले को गोरखपुर ने 20 रनों से जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच जोगेश्वर मिश्रा रहे। इस मुकाबले में निर्णायक की भूमिका सत्यम बर्मन और ऋषि रघुवंशी ने निभाई। रविवार को टूर्नामेंट का तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला फाइन स्पोर्ट्स क्लब मंडला एवं कुंभ स्टार मंडला के बीच दोपहर 12:30 बजे से खेला जाएगा।

## खंड नारायणगंज माँ रेवा सम्मेलन का भव्य आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नारायणगंज

विकासखंड अंतर्गत मंडल शाहा के ग्राम बानोची एवं मंडल चौकी के ग्राम सलैया में माँ रेवा सम्मेलन का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन एवं नौ कन्या पूजन के साथ किया गया। पूजन उपरांत साधु महाराज खेतू लाल जी, विभाग से पधारे मुख्य वक्ता शरद पांडे जी, ग्राम के समाजसेवी भुवन जी, नकुल जी एवं रमेश जी का आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम विधिवत प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात ग्राम सलैया में मुख्य वक्ता शरद पांडे जी व ग्राम बनोची में सूरज गौठरिया जी,ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में माँ नर्मदा, भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक एकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती एवं सामूहिक सामाजिक भोजन के साथ किया गया। इस अवसर पर अमित यादव जी, लक्ष्मण सिंगरौरे जी, ध्यान सिंह कुलस्ते जी, जय सिंह उइके जी, जागेश्वर जी, बद्री प्रसाद जी, निशांत अग्रवाल जी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह एवं सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।

## सड़क सुरक्षाः हेलमेट विक्रेताओं और पेट्रोल पम्प संचालकों को समझाइश

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश अनुसार जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन और पुलिस द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के आदेश के बाद जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर ऑर्डर की प्रति चस्पा कर दी गई है। इसके साथ ही पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया जा रहा है। बिना हेलमेट पहने हुए दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने की चेतावनी दी जा रही है।

**गौ कथा** | **गौ तस्करी पर लगाम लगाने ली गई शपथ।**

# मंडला में पहली बार गौ कथा का भव्य आयोजन

*** महिष्मती घाट में हुआ नौ-दिवसीय आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





मध्यप्रदेश के जिला मुख्यालय मंडला में माहिष्मती गौ सेवा रक्तदान संगठन के द्वारा- मंडला में पहली बार गौ कथा आयोजन किया गया है- और गौ कथा का वाचन आचार्य पं. संतोष शास्त्री जी के मुखारविंद से किया गया - यह गौ कथा का आयोजन दिनांक-30 जनवरी से मंडला के सुप्रसिद्ध नर्मदा तट महिष्मती घाट पर आयोजित हुआ है- और ये आयोजन हिंदू धर्म में गाय को 'गौ- माता' के रूप में स्थापित करने और उसके प्रति आध्यात्मिक व धार्मिक जागृति लाने के उद्देश्य से किया गया है- बता दें की- कथा शुभारंभ होने के पूर्व- माहिष्मती गौ सेवा रक्तदान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गौ पुत्र दिलीप चन्द्रौल ने बताया की- आचार्य पं संतोष शास्त्री जी के द्वारा गौ माता की महिमा के बारे में गौ कथा के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई- श्री चंद्रोल ने- जिला मुख्यालय मंडला सहित जिला भर के- सभी गौ प्रेमियों और धर्म प्रेमियों से अपील किया है कि- आप सभी गौ माता के प्रति अच्छी श्रद्धा रखें गाय माता को बड़े भाव से प्रसादी जीवनी एवं उनका मान सम्मान आधार हमेशा करती रहे गाय माता है तो देश सुरक्षित है गौ माता हमारी संस्कृति का आधार है गौ कथा- गौ माता की महत्व- संरक्षण और गौ सेवा के प्रति लोगों को जागरूक करे- इसके साथ ही- यह कथा गौ माता की महिमा- पंचगव्य के औषधीय लाभ और गोवंश की सुरक्षा के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया- गौ पुत्र दिलीप चन्द्रौल ने बताया की दोस्तो गौ कथा आयोजन की मुख्य उद्देश्य गायों के प्रति सम्मान बढ़ाना- गौ- सेवा का संकल्प लेना- और गौहत्या के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है- इसके साथ ही इस गौ कथा में- गौ माता को घर- घर में स्थापित कर उनकी सेवा करने और गायों को केवल पशु नहीं- बल्कि 'मां' के रूप में पूजने की शिक्षा दी गई है- आप सभी जानते हैं कि- गौ माता हमारे लिए पूज्यनीय है- हम गौ माता की पूजन करते है- किंतु वर्तमान समय में गौ माता के साथ बहुत अत्याचार हो रहा है- प्रदेश भर से आए दिन गौ हत्या व गौ तस्करी की खबर निकलकर आती हैं- हमें उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है की- मंडला में आयोजित यह गौ कथा को सुनकर सभी के मन में सकारात्मकता और गौ- सेवा की भावना जागृत होगी- और समाज को गौ- संस्कृति से जोड़ेगी- गौ कथा के माध्यम से ही देसी गोवंश के प्रति जागरूकता का प्रयास किया गया है कथा के अन्तिम दिन पूर्ण आहूति कन्याभोज महा प्रसादी भंडारा वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## शीतला मंदिर परिसर में इनर व्हील क्लब की सराहनीय पहल

*** श्रद्धालुओं के लिए सीमेंट चेयर दान।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



शहर के प्रसिद्ध शीतला मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इनर व्हील क्लब मंडला की महिलाओं द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। क्लब सदस्यों ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बैठने हेतु सीमेंट से बनी मजबूत कुर्सियाँ (चेयर) दान कीं, जिससे विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दूर-दराज से आने वाले भक्तों को काफी राहत मिलेगी। क्लब ने बताया कि भविष्य में भी मंदिर परिसर में बैठक व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे।


कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया के कर कमलों द्वारा चेयर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने देवी मां का पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। क्लब सदस्यों ने पुष्पगुच्छ एवं नारियल भेंट कर उनका स्वागत किया। क्लब अध्यक्ष श्रद्धा तपा ने कहा कि इनर व्हील क्लब सदैव सेवा कार्यों में सक्रिय रहा है और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं, विशेषकर बुजुर्गों को बैठने में होने वाली परेशानी को देखते हुए यह पहल की गई है। आगे भी मंदिर परिसर में आवश्यकतानुसार और सुविधाएं विकसित करने का प्रयास जारी रहेगा। कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि सामाजिक संगठनों की भागीदारी से ही जनहित के कार्य प्रभावी रूप से संभव हो पाते हैं। उन्होंने इनर व्हील क्लब के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और भविष्य में भी इस प्रकार की पहल को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष श्रद्धा तपा, सचिव सुनीता पमनानी सहित रूबी तपा, प्रिया पमनानी, किरण पमनानी, आरती बृजपुरिया, अनीता चंद्रोल, दीपा खंडेलवाल, मोना जैन, अंकिता केशवानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा एवं सेवा भावना से ओतप्रोत रहा।



## खबर संक्षेप

### सडक निर्माण में अनियमितताओं पर ग्रामीणों ने विधायक पर जताई नाराजगी वाहन रोककर किया विरोध, विधायक ने कहा गुस्सा जायज



**डिंडोरी।** जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत परसेल के पोषक ग्राम पिंडरूखी में शुक्रवार की शाम ग्रामीणों ने शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की गाड़ी को रोक कर विधायक को सडक निर्माण में की गई गडबडी को लेकर खरी खोटी सुनाई। ग्रामीणों का गुस्सा इस बात पर फूट पडा था कि सड़क निर्माण में की गड़बड़ियों के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। युवाओं के विरोध के बाद विधायक ने सी सी सडक निर्माण में हुई गड़बड़ियों की जांच कराने का आश्वासन दिया है। विधायक शाम करीब सात बजे परसेल ग्राम पंचायत के पोषक ग्राम पिंडरुखी में भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। ग्रामीण युवा रास्ते में पत्थर रखकर बैठे हुए थे। जैसे ही विधायक की गाड़ी पहुंची तो रोक लिया और सरपंच ,सचिव द्वारा सीसी सड़क निर्माण में धांधली का आरोप लगाते हुए बताया कि शिकायत कलेक्टर की जनसुनवाई और जिला पंचायत सीईओ को की गई है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब आप भी उसी खराब रास्ते से जाओ हालांकि विधायक फिर कार्यक्रम में बिना शामिल हुए ही वापस आ गए। इस बावद विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि ग्रामीणों ने ही मुझे चुनकर विधायक बनाया है, मेरी जवाबदारी है, अब अधिकारी नहीं सुन रहे है तो वे मुझे ही रोक कर बताएंगे। मैने अधिकारियों से कहा कि जांच करवाए और संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही करें।

### छात्रावास और आश्रम तक सड़क निर्माण की मांग



**डिंडौरी।** जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर मुख्यालय में वरिष्ठ बालक छात्रावास एवं अंग्रेजी माध्यम बालक आश्रम संचालित हैं। जहां भवन एवं बाउंड्री वॉल निर्माण किया जा चुका हैं। परंतु इन दोनों संस्थानों तक पहुंचाने के लिए सड़क मार्ग की महती आवश्यकता महसूस की जा रही हैं। जहां बालक छात्रावास के छात्रों को प्रतिदिन विद्यालय जाना पड़ता हैं। छात्रावास से मुख्य मार्ग तक पहुंचने में छात्रों को भारी मशक्कतों का सामना करना पड़ता हैं। मार्ग में गढ्डों के साथ-साथ बड़े-बड़े पत्थर भी निगल आये हैं। जहां पैदल या वाहन चलाना जोखिम भरा हुआ हैं। ग्रामीणों द्वारा तत्कालीन सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला से अमरपुर सक्का मुख्य मार्ग से आश्रम तक एवं अमरपुर रामगढ़ मुख्य मार्ग से छात्रावास तक सड़क निर्माण करने मांग की गई थी। परंतु अधिकारियों द्वारा आश्रम एवं छात्रावास के बीच सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण तो कराया गया। जोकि इतना निम्न स्तर का निर्माण कराया गया कि कुछ ही दिनों बाद पूरी सड़क उखडने लगी है। आश्रम के मासूम छात्रों एवं छात्रावासी छात्राओं को सुविधा के मद्देनजर ग्रामीणों द्वारा पूर्व में मांग अनुसार सक्का मार्ग एवं रामगढ़ मार्ग से दोनों संचालित संस्थानों तक सड़क निर्माण कार्य कराये जाने की मांग की है।

### विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**डिंडोरी।** शनिवार को मुड़की रोड स्थित डिंडोरी पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय संचालक रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी, प्रबंधक श्रीमती निधि द्विवेदी, प्राचार्य अनुराग द्विवेदी व समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में कक्षा छठवीं से नवमी तक के छात्र छात्राओं द्वारा यह कार्यक्रम खेल, नृत्य, गायन के साथ हर्सोल्लास से मनाया गया और आगामी परीक्षा के लिये शुभकामनाएं प्रेषित की।

### आसपास सैकड़ों लोग थे मौजूद, वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार

# बजाग गुदरी मड़ई में सरेआम चाकूबाजी, चार युवक घायल

डिंडौरी





बजाग थाना अंतर्गत गुदरी मड़ई में शुक्रवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सैकड़ों लोगों की भीड़ के बीच में दो समूहों के बीच हुए विवाद के बाद चाकूबाजी की घटना सामने आई। घटना शाम लगभग साढ़े छह बजे झूला, सर्कस व डांस शो पंडाल के समीप घटित हुई, जहां बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे मनोरंजन करने मड़ई में आए हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले दोनों समूहों के बीच वाद-विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इसी दौरान एक समूह के दो से तीन अज्ञात युवकों ने धारदार हथियार से दूसरे समूह के चार युवकों पर पेट व पीठ पर वार कर उन्हें लहूलुहान हालत में पहुंचा दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मड़ई परिसर में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घायलों ने बताया कि वे डांस कार्यक्रम के पंडाल के पास खड़े थे, तभी तीन अज्ञात युवक वहां पहुंचे और बिना कारण बहस करने लगे। आरोप है कि मड़ई क्यों आए हो, आगे यहां दिखाई मत देना कहते हुए आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया। पीड़ितों ने यह भी बताया कि वे आरोपियों को नहीं पहचानते। घायलों में तीरथ मरावी निवासी वरसोद, निर्मल श्याम निवासी कछरा टोला, अर्जुन मरकाम निवासी गाड़ासरई एवं तरुण ऊईके वरगांव शामिल हैं। पुलिस ने पीड़ितों की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 296(बी), 115(2), 118(1), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और मड़ई क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया गया है।

# मवेशी के हमले में एक माह के मासूम की मौत



**डिंडौरी।** कोतवाली थाना अंतर्गत धनुवासागर के नजदीक रविवार की सुबह लगभग 8.30 बजे एक महिला अपने एक माह के मासूम बच्चे को बागा में बांधकर सिर में लकड़ी का गट्ठा रखकर बेचने जा रही थी इसी दौरान दो बैल लड रहे थे तभी एक बैल ने महिला को पीछे से हमला कर दिया जिससे महिला अपने बच्चे और लकड़ी के गट्ठे सहित गिर गई जिसमें मासमू और महिला को गंभीर चोट लगी थी जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई, वहीं घायल महिला का उपचार जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर बच्चे का पीएम करा परिजनों को सौंप दिया है।



# पानी की टंकी में मिला अधेड़ महिला का शव

डिंडौरी।

शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोगी टिकरिया में स्थित निर्माणाधीन बाल हनुमान मंदिर की पानी की टंकी में रविवार को एक अधेड़ महिला का शव मिला है। घटना जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे के पास की है। मंदिर के पुजारी पवन दास त्यागी ने बताया कि रविवार सुबह करीब 6 बजे जब वह पानी लेने के लिए टंकी के पास पहुंचे, तब उन्होंने महिला का शव देखा। पुजारी ने तुरंत ग्रामीणों को जानकारी दी और पुलिस को सूचना दी गई, पुजारी ने बतलाया कि मंदिर का निर्माण जन सहयोग से हो रहा है और काम बंद होने के कारण पिछले तीन-चार दिनों से वहां कोई नहीं था। शाहपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला और पंचनामा तैयार कर शव का पीएम कराया है। पुलिस और ग्रामीणों के अनुसार, महिला को पहले कभी गांव में नहीं देखा गया था, जिससे अंदेशा है कि वह कहीं बाहर की रहने वाली थी। सब-इंस्पेक्टर निरंजन सिंह ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब आसपास के इलाकों और थानों में महिला का हुलिया भेजकर उसकी पहचान करने की कोशिश कर रही है।

### बिरसा मुंडा स्मारक स्थल मैदान में की गई सभा

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने 22 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन






डिंडौरी।

अध्यापक शिक्षक संवर्ग की लंबित मांगो और समस्याओं का निराकरण करने के लिए आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा रविवार को बिरसा मुंडा स्मारक स्थल मैदान में सभा की गई। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम 22 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन कलेक्ट्रेट में नायब तहसीलदार शशांक शेडे को सौंपा गया। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा ज्ञापन में अध्यापक शिक्षक संवर्ग को भी कमोन्नति और समयमान वेतनमान की भाँति प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुये पेंशन ग्रेच्युटी एवं अवकाशों का नगदीकरण का लाभ सुनिश्चित किए जाने, अध्यापक शिक्षक संवर्ग को केन्द्रीय कर्मचारियों की भाँति 1 जनवरी 2026 से आठवें वेतनमान का लाभ दिया जाने, मध्यप्रदेश के समस्त एनपीएस धारक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू किए जाने, विगत वर्षों में दिवंगत अध्यापक शिक्षक संवर्ग के आश्रित परिवार के सदस्य को अविलंब अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जाने, गुरूजियों को उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जाने, जनजातीय कार्य विभाग में कार्यरत अध्यापक शिक्षक संवर्ग को स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज किया जाने, अध्यापक शिक्षक संवर्ग की माह सितम्बर 2022 की रूकी हुई हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान किया जाने की मांग की गई है। इसी प्रकार अध्यापक शिक्षक संवर्ग के कुल रिक्त पदों में से 50 प्रतिशत रिक्त पदों पर पदोन्नत किए जाने, अध्यापक शिक्षक संवर्ग के तीन संतान वाले कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्यवाही से मुक्त किया जाने, अध्यापक शिक्षक संवर्ग को कैशलेस मेडिकल क्लेम की सुविधा दी जाने, स्कूल शिक्षा विभाग से जन जातीय कार्य विभाग में प्रतिनियुक्ति पर आये शिक्षकों को और जनजातीय कार्य विभाग से स्कूल शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्ति पर आये शिक्षकों को उसी विभाग में मर्ज कर उसी विभाग द्वारा क्रमोन्नति, समयमान, वेतनमान, और पदोन्नति आदि के समस्त लाभ प्रदान किया जाने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त विगत वर्षों में अध्यापक शिक्षक संवर्ग से सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करके ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाने, वर्तमान में गुरूजी और संविदा शिक्षक पद में पदस्थ गुरूजी को लगभग तीन हजार रूपये मासिक वेतन प्राप्त कर रहे है और जो संविदा शिक्षक लगभग पांच हजार रूपये मासिक वेतन प्राप्त कर रहे है उन्हें प्राथमिक शिक्षक का न्यूनतम वेतनमान दिया जाने, अतिथि शिक्षकों को नियमित करते हुये नियमित शिक्षकों की भाँति अवकाश, चिकित्सा, बीमा आदि की सुविध प्रदान की जाने, माध्यमिक शालाओं में विज्ञान शिक्षक का पद अनिवार्य किया जाने, 56 वर्ष से अधिक आयु वाले प्राचार्य , व्याख्याता, उच्च माध्यमिक शिक्षक, प्रधान अध्यापक, माध्यमिक शिक्षकों को विभाग में प्रतिनियुक्ति के पदो से मुक्त किया जाये, साथ ही चार वर्ष से अधिक प्रतिनियुक्ति में पदस्थ कर्मचारियों को मुक्त करके नवीन प्रतिनियुक्ति दिए जाने, अध्यापक शिक्षक संवर्ग की सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष की जाने, कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों की भाँति शिक्षकों को भी शनिवार का अवकाश प्रदान किया जाये अथवा शनिवार के अवकाश के स्थान पर अर्जित अवकाश प्रदान किया जाने, अध्यापक शिक्षक संवर्ग के स्वेच्छिक स्थानांतरण किया जाये एवं लंबित स्थानांतरण के आदेश जारी करने, अध्यापक शिक्षक संवर्ग की कमोन्नति, समयमान वेतनमान एवं पदोन्नति के लिए वर्तमान में पदस्थ अहारण संवितरण अधिकारियों के द्वारा ही पांच वर्ष की सीआर मान्य की जाये तथा समय से उक्त लाभ प्रदान करते हुये एरियर्स का भुगतान अविलंब किया जाने, दोष पूर्ण ई-अटेडेंन्स बंद करने एवं नवनियुक्ति शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से 100 प्रतिशत वेतन देने की मांग भी की गई है।

# शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अमरपुर क्षेत्र में विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

डिंडौरी।

शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के द्वारा जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। प्रथम कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जल्दा मुडिया के ईमली टोला घाट के नीचे से सुरेश के घर की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके बाद ग्राम पंचायत किसलपुरी में नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का लोकार्पण किया गया, वहीं ग्राम पंचायत परसेल के पोषक ग्राम हथकटा में नवीन आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण, रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन तथा फूलसिंह मरकाम के घर से नानसिंह मरावी के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत परसेल के पोषक ग्राम पिण्डरुखी में हरिसिंह के घर से ईजीएस स्कूल तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इसके साथ ही ग्राम पंचायत भपसा के पोषक ग्राम नेवसा में खरमेर नदी में विद्युतीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया, वहीं ग्राम पंचायत भपसा में अमरपुर मुख्य मार्ग से भपसा मुकद्दमटोला तक डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अंचलों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उन पात्र हितग्राहियों की समस्याएं भी सुनीं, जिन्हें किसी कारणवश योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया था, तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर बद्री प्रसाद साहू, अध्यक्ष अनिल साहू, रोहित मरकाम, अन्य जनप्रतिनिधि विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर हर्ष व्यक्त करते हुए शासन के प्रति आभार प्रकट किया।

# दो सांडों की लड़ाई में मोटर साइकिल हुई क्षतिग्रस्त



**डिंडौरी।** डिंडौरी में जिला अस्पताल के सामने रविवार की दोपहर दो सांड आपस में भिड़ गए। इस दौरान उनकी लड़ाई सड़क पर लगभग 15 मिनट तक चलती रही, जिससे अफरा-तफरी मच गई। लड़ते-लड़ते सांडों ने दो मोटरसाइकिलों को गिरा दिया। आसपास मौजूद लोग डरकर भागते हुए दिखाई दिए, जबकि दो युवकों ने डंडे की मदद से सांडों को अलग करने और भगाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आवारा मवेशी अक्सर सड़क पर बैठे रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि कई बार लोग मवेशियों के कारण गिर भी जाते हैं। नगर परिषद की हाका गैंग पर निष्क्रियता का आरोप लगाया, जो केवल दिखावे के लिए कभी-कभी अभियान चलाता है। लोगो ने चिंता व्यक्त की कि दिन के समय तो स्थिति ठीक रहती है, लेकिन रात में खतरा बढ़ जाता है। लोगो का कहना है कि आज तो सांडों ने बाइकें गिरा दीं और कई लोग यहां से भागते दिखे। लोगो ने नगर परिषद पर किसी बड़े हादसे का इंतजार करने का आरोप लगाया। इस मामले में मुख्य नगर परिषद अधिकारी ने कहा कि टीम भेजकर आवारा मवेशियों को गौशाला भिजवाने की बात कहीं है।

# पत्नी से मारपीट, इलाज के दौरान हुई मौत, पुलिस ने आरोपी पति को किया गिरफ्तार

**डिंडौरी।** बजाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पत्नी के साथ की गई मारपीट के मामले में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तातर निवासी 42 वर्षीय महिला के साथ उसके पति द्वारा 29 जनवरी 2026 की रात घरेलू विवाद के दौरान मारपीट की गई थी। मारपीट के दौरान महिला के सिर में गंभीर चोट आई, जिसके बाद वह गिर पड़ी और बेहोश हो गई। परिजनों द्वारा महिला को पहले बजाग अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल डिंडौरी रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान 30 जनवरी 2026 की शाम लगभग 5 बजे महिला की मौत हो गई। डॉक्टरों द्वारा दी गई मेडिकल रिपोर्ट में मृत्यु का कारण सिर में गंभीर चोट, खोपड़ी में फ्रैक्चर एवं आंतरिक रक्तस्राव बताया गया है। घटना की सूचना पर थाना बजाग पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान गवाहों के कथन, मेडिकल रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पति मायाराम बालरे के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है और अन्य पहलुओं की भी गहन जांच की जा रही है।

# पीएम ऊषा परियोजना अंतर्गत सेडमेप के सौजन्य से कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

डिंडौरी।



प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय चंद्र विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डिंडोरी मैं संचालित पीएम ऊषा परियोजना अंतर्गत सेड मैप के सौजन्य से विभिन्न शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जा रहा है। 23 जनवरी, 2026 को महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग एवं भूगोल विभाग का भ्रमण कानन पिंडारी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ मैं संपन्न हुआ। दोनों दलों को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संतोष धुर्वे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्टाफ के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। जिसमें दोनों विभागों के लगभग 50-50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राणी शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ पार्वती कुशराम के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने कानन पिंडारी के जू का अवलोकन किया जिसके अंतर्गत विभिन्न जानवरों जैविक प्रजातियां उनका वर्गीकरण, संरचनात्मक एवं शैक्षणिक अध्ययन विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस भ्रमण में डॉ पार्वती कुशराम, प्रोफेसर ब्रजेश सिंह, धारवेजी, एवं दुर्गा बर्मन स्टाफ से तथा पीजी एवं यूजी के लगभग पचास विद्यार्थियों ने भाग लिया। भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ राशि गौतम के नेतृत्व में संपन्न शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों को कानन पिंडारी चिड़ियाघर महामाया मंदिर अचानक अभ्यारण्य आदि विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया गया। इसी श्रृंखला में 5 फरवरी, 2026 को भौतिकशास्त्र विभाग से यूजी एवं पीजी के पैंतीस विद्यार्थियों का एक दल भोपाल रवाना किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मौलाना अब्दुल कलाम आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का विस्तृत भ्रमण किया। सर्वप्रथम संस्था के भौतिक शास्त्र विभाग में स्थित प्रयोगशाला का 10-10 के ग्रुप में विद्यार्थियों ने विभिन्न उपकरणों की क्रियाविधि समझी। इसी श्रृंखला में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान मैं स्थापित सीआरएफ एवं सीसीएफ के विभिन्न संसाधनों का अवलोकन विद्यार्थियों ने किया। आईटी के अंतर्गत संपूर्ण संस्था परिसर में फैले नेटवर्क कनेक्टिविटी का प्रचालन एवं साधारण प्रक्रिया का टेक्निकल सहायकों द्वारा विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। मैंनेट एक ट्रिपल आईटी की पालक संस्था होने के नाते विभिन्न इंजीनियरिंग ब्रांच के प्रयोगशालाओं, अनुसंधान शालाओं और रोबोटिक लैब से सुविधा संपन्न है। यहां आकर विद्यार्थियों को बहुत ही प्रेरक तकनीकी कौशल की जानकारी मिली। भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने मैनिट के अलावा क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र का भी भ्रमण किया जहां पर विद्यार्थियों ने भौतिकी के विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद प्रयोगों का बारीकी से अवलोकन किया। थ्रीडी डेमोंस्ट्रेशन, तारामंडल वह प्रकाशिकी के विभिन्न उपकरणों का जादुई प्रयोग मुख्य आकर्षक बिंदु रहे। समाजशास्त्र विभाग द्वारा भी शैक्षणिक भ्रमण भोपाल के लिए रवाना किया गया। लगभग पैंतीस विद्यार्थियों के इस दल ने मैनिट कैंपस, ग्रीन वाटिका का मनोरंजन भ्रमण किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय एवं जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण करते हुए विस्तृत अध्ययन सामग्री एकत्रित की। समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ श्रीमती संतोष धुर्वे की अगुवाई में शैक्षणिक और विभिन्न सामाजिक पहलुओं का अध्ययन किया। उक्त चारों शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने न केवल उत्साह। पूर्वक अपने साथियों के साथ शैक्षणिक वातावरण में भ्रमण का आनंद लिया बल्कि भ्रमण स्थल में उपलब्ध सामग्रियों से बहुत ही प्रेरक ज्ञान अर्जन किया।

# समनापुर तिराहा के पास से जब्त की गई अवैध शराब

**डिंडौरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत समनापुर तिराहा के पास पुलिस ने अवैध शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि समनापुर तिराहा के पास में एक व्यक्ति अवैध शराब बिक्री करने हेतु रखा है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर दबिश दी गई। जहां एक व्यक्ति मिला पूछताछ में उसने अपना नाम संजय पारासर पिता राधेश्याम पारासर उम्र 22 साल निवासी वार्ड क्रमांक 14 बंधान मोहल्ला डिंडौरी बताया। व्यक्ति के पास से 05 हंटर स्ट्रोंग केन बीयर व 07 पाव प्रिंस प्लेन कुल कीमती 1290 रूपये की जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 ए के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय चन्द्रविजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डिण्डौरी, म.प्र.**

क्रमांक/2058/निविदा/2026 **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** डिण्डौरी, दिनांक 07.02.2026

एम.पी.ई. टेण्डर पोर्टल पर पंजीकृत फर्म से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptender.gov.in पर देखा व भरा जा सकता है। निविदा प्रकाशन उपरांत किसी भी प्रकार के संशोधन ऑनलाइन वेबसाइट http://mptender.gov.in पर ही उपलब्ध रहेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

| क्र. | टेण्डर का नाम | टेण्डर आई.डी. | एमडी राशि एवं टेण्डर फीस | जारी दिनांक | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी.सी.टी.व्ही. कैमरा | 2026_HED _480499_1 | 33270/- & 1000/- | 06.02.2026 | 20.02.2026 सांय 5:00 बजे तक |

प्राचार्य
शास.च.वि.स्नातको.महावि. डिण्डौरी

**खबर संक्षेप**

### जिले में लगेंगे नसबंदी शिविर

**नरसिंहपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि क्लिनिकल आउटरीच टीम-सीओटी के माध्यम से जिले में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत नसबंदी शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह नसबंदी शिविर 20 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सालीचैका एवं 13 व 27 फरवरी को सिविल अस्पताल गाडरवारा में, 19 व 22 फरवरी को सिविल अस्पताल गाडरवारा में एवं 12, 17 व 26 फरवरी को सीएचसी सांईखेड़ा में, 21 फरवरी को जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेंदूखेड़ा में, 14 फरवरी को सिविल अस्पताल गाडरवारा में, 10 व 28 फरवरी को सीएचसी रौंसरा और 14, 21, 24 व 28 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोटेगांव में लगाए जाएंगे।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शिवानी का चयन



**नरसिंहपुर।** विज्ञान प्रदर्शनी हेतु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए करेली की समीपी और विकासखंड चांवरपाठा की एकीकृत माध्यमिक शाला बांसखेड़ा की छात्रा कुमारी शिवानी रजक, कक्षा सातवीं के मॉडल जल संरक्षण एवं प्रबंधन के अंतर्गत जल शुद्धिकरण का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में नरसिंहपुर जिले से एकमात्र मॉडल के चयन पर बिटिया शिवानी ने ना केवल अपने परिवार व विद्यालय का बल्कि जिले का नाम भी रोशन किया। इस हेतु मेधावी बिटिया शिवानी रजक और मार्गदर्शी नवाचारी शिक्षक कमलेश श्रीवास्तव के अपने सहयोग तथा मार्गदर्शन के लिए अभिभावकों ने प्रोत्साहित करते हुए आभार व्यक्त किया है। ग्रामवासियों और एसएमसी सदस्यों ने उपलब्धि मानते हुए कहा है कि निश्चित ही भविष्य में अन्य बच्चों एवं शिक्षकों के लिए यह उपलब्धि प्रेरणास्पद रहेगी।

### नहीं रहे मोहन रघुवंशी, अंत्येष्टि आज



**नरसिंहपुर।** गत दिवस विपतपुरा निवासी वयोवृद्ध मोहन सिंह रघुवंशी का 87 वर्ष की आयु में अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। आप दीपक रघुवंशी, आलोक रघुवंशी के पिता थे। जिनका अंतिम संस्कार आज 9 फरवरी को नकटुआ मुक्तिधाम में किया जावेगा।

### 222 गांवों में 10 ग्राम सेवक

**तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां शासन द्वारा किसानों की समस्यायों के निराकरण की दिशा में काफी संवेदनशील बनीं हुई है। वहीं तरह तरह की योजनाओं के माध्यम से किसानी को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में प्रयास जारी है। लेकिन दूसरी तरफ चांवरपाठा विकास खंड के यह हालात बनें हुए हैं कि संपूर्ण विकास खंड के अंतर्गत आने वाले 222 गांवों के लिए जहां 18 ग्राम सेवकों की जरुरत है वहां मात्र 10 ही ग्राम सेवक है। इनमें से कुछ ग्राम सेवक रिटायर हो गये हैं।तो कुछ स्थानांतरण हो कर चले गए हैं। इनमें एक वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी और एक बाबू ही तैनात है। जबकि कार्यालय में भृत्य तक नहीं है। स्तिथि यह बनीं हुई है कि स्वयं बाबू को आकर झाड़ू लगाना पड़ता है। अब तो यह स्थिति बनी हुई है कि हाल ही में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी की भी शासकीय सेवायें पूर्ण हो जाने के चलते अब यह पद भी रिक्त हो गया है।उनके बाद एक अधिकारी और कम हो गया है।ऐसी स्थिति में ग्राम सेवक प्रत्येक गांव में नहीं पहुंच पाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने मांग की है कि शीघ्र ही उनके गांवों में ग्राम सेवकों की व्यवस्था की जाये।

**तेंदूखेड़ा में नहीं है कृषि विभाग का कार्यालय** – सबसे बड़ी विडम्बना यहां पर यह बनीं हुई है कि तहसील मुख्यालय पर कृषि विभाग का एक भी कार्यालय नहीं है। विकल्प के तौर पर यहां पर डेढ़ दशक पूर्व बना मिट्टी परीक्षण केंद्र के खाली पड़े भवन में ही किसान साप्ताहिक बाजार के दिन आकर स्थानीय कृषि अधिकारियों से मिलकर जानकारी लेकर चले जाते हैं।

## प्रशासन अनदेखी पड़ सकती है भारी मेले के नाम पर चल रहे आपराधिक खेल

# स्वदेशी मेले के नाम पर नियमों का उल्लंघन









जिला मुख्यालय पर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय स्डेडियम ग्राउंड मे मेले का आयोजन किया गया है। मेले मे स्वदेशी के नाम पर कई प्रकार के खेल खिलाए जा रहे है। झूले, दुकाने आदि लगे हुए है जिसमें नियमों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। प्रशासन को चाहिए की नियमों का उल्लंघन करने पर मेला समिति के विरुद्ध विधि संगत कार्रवाई की जावे।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिला मुख्यालय के स्टेडियम ग्राउंड मे स्वादेशी उत्पादो को बढ़ावा देने के उद्देश्य मेले का आयोजन किया गया है। मेला आयोजन समीति द्वारा नियमों का खुला उल्लंघन किया गया जा रहा है। जबकि मेला लगने के पूर्व जागरूक नागरिकों, कांग्रेस पदाधिकारियों, खिलाड़ियों, वरिष्ठ नागरिकों द्वारा ज्ञापन सौंप कर मांग की गई थी कि मेले का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड पर ना कराया जाए जिसपर प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई और मेला नियत स्थान व तिथि से प्रारंभ हो गया। मेले मे अनेकों प्रकार की अव्यवस्थाएं भी उसके बाद भी प्रशासन मूक दशक बना हुआ है। अब देखना होगा कि मेले का असर बोर्ड परीक्षा के परिणामों पर क्या होगा।

### नियमो का खुला उल्लंघन

प्रशासन द्वारा कक्षा बारहवी व दसवी की मुख्य परीक्षा को ध्यान मे रखते हुए ध्वनि प्रदूषण पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिसमें तर्क दिया गया है कि छात्र- छात्राओं को परीक्षा की तैयारी मे परेशानी ना हो परन्तु मेला लगने से ध्वनि प्रदूषण भी हो रहा है एंव मेले मे लगे आकर्षक झूलों के कारण छात्र- छात्राओं का मन पढ़ाई से ज्यादा झूलों की ओर है। उक्त दस दिवसीय मेले के आयोजन से कोई बुराई नही है परन्तु नियमों की अनदेखी होना चिंता का विषय है। आयोजन समिति द्वारा वाहन स्टैंड वसूला जा रहा है वसूली करने वाले कर्मचारियों को वाहन स्टैंड कितना लेना है नियम क्या है और क्या सेवाएं वाहन मालिक को देना है कुछ पता नहीं है। ऐसे मे प्रशासन को चाहिए की ठोस कार्रवाई कर

### खिलाए जा रहे आपराधिक खेल

स्वदेशी के मेले के नाम पर मेला समिति द्वारा मनोरंजन के लिए झूलों व खेलों का आयोजन किया जा रहा है। मेले में खिलाए जा रहे खेलों मे पासा फसाना, गुब्बारे पर गोली चलाना, गिलास गिराना, गेंद डाला, बिस्किट एक मिनिट मे खाना ऐ अन्य खेल है जिन पर इनाम के रूप में नकद व सामग्री दी जा रही है ज्ञात हो कि वह खेल जिसमें तुरंत इनाम दिया जाता है या हारने व जीतने पर रिस्क हो वह खेल जुंआ की श्रेणी अर्थात आपराधिक खेल माना जाता है। अब लोगों का कहना है प्रशासन की नाक के नीचे आयोजन समीति जुआं रूपी खेला करा रही है। हालाकि विचारणीय यह भी है कि जिला अस्पताल के ठीक पीछे बने मैदान मे उक्त आयोजन किया गया है अस्पताल मे भर्ती मरीजों को भी उक्त मेले के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### क्या छाप छोड़ेगा मेला अच्छी या बुरी...

जिला मुख्यालय पर लगाए गए स्वदेशी मेला समिति को स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग हेतु प्रेरित करने के लिए मेला लगाया गया है परन्तु मेला की तिथि ऐसी निर्धारित की गई जो जिले के भविष्य की नींव को प्रभावित कर रही है। लोगों की माने तो उनका कहना है कि मेले के आयोजन में कोई बुराई नही है। आयोजन समिति को केवल समय व स्थान का विशेष ध्यान रखना चाहिए था क्योंकि दसवी व बारहवीं की परीक्षा प्रारंभ हो रही है। मेले मे आई लुभाने वाली खाने पीने की समाग्री, झूले गेम आदि बच्चों को प्रभावित कर रहे है जिससे पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। अब विचारणीय यह है कि मेला जिले मे क्या छाप छोड़ेगा अच्छी या बुरी यह देखने योग्य है। वही लोगों का मत यह भी प्राप्त हुआ है कि उक्त मेले को बरमान मेले मे शामिल किया जाता तो इसका प्रभाव पूरे प्रदेश मे भी हो सकता था। अब देखना होगा कि प्रशासन क्या कदम उठाता है।

### इनका कहना है

उक्त मेले के आयोजन से जनसामान्य सहित खिलाड़ियों, बरिष्ठ नागरिकों अन्य को परेशानी उत्पन्न हुई तथा स्वदेशी मेले के नाम पर नियामों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। उक्त मेले का आयोजन बरमान मेले में किया जाना उचित था जिससे पूरे प्रदेश मे उत्पादों को पहचान मिल सकती थी।

**अजय दुबे, कांग्रेस नेता**

प्रशासन के सामने ही उनके आदेशों का उल्लंघन किया जा रहा है। दसवी व बारहवी की परीक्षाएं प्रारंभ हो रही है मेले का असर परीक्षा परिणाम पर भी हो सकता है जिला चिकित्सालय के ठीक पीछे मेला लगा दिया। प्रशासन के कई नियमों को दरकिनार किया जा रहा है।

**ईशान राय, अध्यक्ष एनएसयूआई**



### उत्कृष्ट विद्यालय चयन परीक्षा सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज – नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा वर्ष 2026 का आयोजन विविध परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। इसी क्रम में परीक्षा केंद्र क्रमांक 7301 शासकीय पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पंजीकृत 500 परीक्षार्थियों मे 487 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्राध्यक्ष श्रीमती आशा नेमा द्वारा बताया गया कि निर्देशानुसार परीक्षा का आयोजन समस्त स्टाफ के सहयोग से सम्पन्न हुई।

## रासेयो शिविर में विविध गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

स्थानीय प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ. आलोक तिवारी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत कठौतिया में किया जा रहा है। जिसमें शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि सुनील पटेल पूर्व सरपंच एवं वर्तमान विधायक प्रतिनिधि, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित ताम्रकार, अध्यक्ष साहिल लोधी, उपाध्यक्ष राजाराम जाटव के मार्गदर्शन में दलनायक दिनेश अग्रवाल, सहदलनायक विवेक साहू के नेतृत्व में शिविर के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में बताया कि वह भी रासेयो के स्वयंसेवक रहे हैं और वहीं से प्रेरणा लेकर उन्होंने समाज सेवा के मार्ग का चयन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज एवं



राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरित किया। सरपंच एवं विधायक प्रतिनिधि के पद पर रहते हुए कठौतिया ग्राम में विकास कार्य एवं जन सेवा हेतु किए गए विभिन्न कार्यों के बारे में भी बताया। जिससे स्वयंसेवक भी प्रोत्साहित हुए। शिविर में प्रतिदिन समाज एवं राष्ट्र के समक्ष उपस्थित विभिन्न सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने हेतु जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज के बौद्धिक सत्र में महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक-आर्थिक असमानता, डिजिटल सुरक्षा, शिक्षा, नशामुक्ति एवं युवा शक्ति पर स्वयंसेवकों ने अपने विचार प्रकट किये। स्वयंसेवकों द्वारा गांव में रैली एवं जनसंपर्क के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में योग-व्यायाम, प्रभात फेरी, परियोजना कार्य, बौद्धिक सत्र, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के सत्र प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे हैं। बौद्धिक सत्र में विशेषज्ञों द्वारा पधार कर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इस अवसर पर स्वयंसेवकों में मीडिया प्रभारी मोतीलाल कतिया, कोर सदस्य शरद साहू, बृजेश चैधरी, ऋतिक कुशवाहा सहित सभी स्वयंसेवकों द्वारा सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है।

## कालोनाइजरों की मनमानियों पर नहीं लग पा रहा विराम परेशान हो रहे रहवासी

तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सर्वसुविधायुक्त कालौनी बनाने का झांसा देकर आवासीय भूखण्ड विक्रय किए गए और जरुरत मंदों द्वारा अपने अपने आलीशान मकान भी बना लिए लेकिन इन रहवासियों को आज तक ना तो पीने का पानी सड़क बिजली और निस्तार के पानी निकासी की कोई उचित व्यवस्था ना बन पाने के कारण कालौनी वासी अपने आप को ठगा सा महसूस करने और परेशान देखे जाते हैं।ऐसे मामलें आये दिन सामने आते रहते हैं।जब परेशान उपभोक्ता अपनी परेशानियों को लेकर अधिकारियों के चक्कर लगाते हुए देखे सुने जाते हैं।ऐसा ही एक मामला नगर के वार्ड क्रमांक 06 के अंतर्गत शारदा नगर के नाम से पूर्व में काटी गई कालौनी में देखने को मिला।





जहां आज तक कालोनाइजर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा पाये जिसे लेकर बड़ी संख्या में पीड़ित वर्ग ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से लेकर कलेक्टर तक अपनी समस्याओं को उजागर करते हुए लिखित शिकायतें भी दर्ज कराई गई है। पीड़ित वर्ग ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि बरसात के दिनों में उन्हें आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कीचड़ ही कीचड़ बनीं रहती है। निस्तार का गंदे पानी के जहां तहां डबरा भरे होने के कारण गंदगी पूर्ण माहौल और मच्छरों को पनपने से विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारियों को अपने पैर पसारने का खतरा बना रहता है। यहां पर पीने के पानी की भी कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। रहवासियों ने अपने अपने स्तर से हेंडपंप तो खनन करवा लिये है यहां पर जमीनी जल स्तर पर्याप्त ना होने के कारण गर्मी के दिनों में परेशानी हुआ करती है। यहां तक कि इस कालौनी का नक्शा पास ना होने से एन ओ सी पाने के लिए लोग भटक रहे हैं रहवासी शिकायतकर्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि शीघ्र ही इस दिशा में निष्पक्ष जांच कराते हुए उचित एवं दंडात्मक कार्यवाही की जाये।

## खुले में पड़ी धान, शासन हुआ अंधा और बधिर

गोटेगांव

नगर के आसपास स्थित बेयर हाउस में सैकड़ो कुंटल धान आज भी खुले में पड़ी हुई है सभी वेयरहाउस फूल हो चुकी है साथ ही धान बेचने वाले वाले किसानों का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है खुले में पड़ी हुई धान नुकसान का आमंत्रण दे रही है जिससे खरीदी केंद्र फूल हो गए हैं और बेयर हाउस के बाहर सैकड़ो कुंटल धान खराब होने के चक्कर में पड़ी हुई है शासन अंधमुख और बदर बना हुआ है गोटेगांव नगर में स्थित कई वेयर हाउस ऐसे पाए गए हैं जिनकी बाहर सैकड़ो क्विंटल किसने की धान



पड़ी हुई है शासन इन किसानों की उपज की भंडारण की व्यवस्था अभी तक नहीं कर पाई है जिससे धान को नुकसान होने से कोई नहीं बचा सकता है आखिर आखिर जब व्यवस्था नहीं है तब शासन ने इतनी अधिक मात्रा में धान क्यों खरीदी यह गोटेगांव शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के किसानों में जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सड़कों पर बैंकों की पार्किंग, राहगीरों की जान जोखिम में




गोटेगांव।

नगर के हृदय स्थल में स्थित बैंकों के सामने व्यवस्थित पार्किंग न होने के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। विशेष रूप से स्टेट बैंक और यूनियन बैंक के सामने सड़क पर बेतरतीब खड़ी गाड़ियाँ सुचारू आवागमन में बड़ी बाधा बन रही हैं। बैंक आने वाले ग्राहकों के वाहन मुख्य मार्ग के एक बड़े हिस्से को घेर लेते हैं, जिससे हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इस अव्यवस्था के कारण प्रतिदिन राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। नगर के अन्य बैंकों के सामने भी कमोवेश यही स्थिति बनी हुई है, जिसे लेकर स्थानीय नागरिकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि बैंकों के पास अपना पर्याप्त पार्किंग स्थल नहीं है, जिसके चलते सारा दबाव सार्वजनिक सडक पर आ जाता है। नागरिकों ने नगर प्रशासन और संबंधित बैंक प्रबंधन से मांग की है कि शीघ्र ही पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सुव्यवस्थित पार्किंग होने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि संभावित सड़क हादसों पर भी लगाम लग सकेगी।



### 8 से 10 फरवरी तक भव्य श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन

**गोटेगांव।** नगर के कामथ वार्ड में स्थित साहू मोहल्ला स्टेडियम के स्थित आगामी दिनांक 8 से 16 फरवरी तक श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है, 9 दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान में सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य प्रसूनजी प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से भगवान शिव की महिमा भक्ति और जीवन दर्शन पर दिव्या प्रवचन देकर श्रद्धालुओं को महापुराण के माध्यम से देंगे आयोजन को लेकर समूचे नगर में भारी उत्साह व्याप्त है और आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है आयोजन समिति ने समस्त धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आध्यात्मिक लाभ उठाने की अपील की है कथा का समापन 16 फरवरी को विशेष अनुष्ठान एवं महा भंडारा प्रसादी वितरण के साथ किया जावेगा समस्त श्रद्धालु बंधु पहुंचकर शिव महापुराण सुनकर धर्म लाभ उठावे

## सनातन संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक समरसता का महासंगम - विराट हिन्दू सम्मलेन संपन्न

गोटेगांव

समीप करकबेल क्षेत्र में इन दिनों सनातन संस्कृति की रक्षा और सामाजिक एकजुटता का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में ग्राम बरहटा और करकबेल में भव्य विराट हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया, जहाँ संतों के आशीर्वचन और प्रबुद्ध वक्ताओं के मार्गदर्शन ने समाज में नई ऊर्जा का संचार किया। इन आयोजनों के माध्यम से ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाकर एक सशक्त और संगठित राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया गया।*बरहटा में भव्य शोभायात्रा और संत समागम बरहटा स्थित सेवा सहकारी समिति वेयरहाउस में आयोजित सम्मेलन का शुभारंभ मुड़िया मोहल्ला के पंचमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ। इसके पश्चात ढोल-धमाकों और डीजे की गूंज के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ग्रामीण जनों का उत्साह चरम पर था। कार्यक्रम में पधारे पूज्य संतों




ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि सनातन संस्कृति विश्व के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। यहाँ बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया और सामूहिक आरती के पश्चात समरसता भोज (भंडारा) में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की*करकबेल में गूंजा पंच परिवर्तन और समरसता का मंत्र*सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ शिक्षाविद मुन्नालाल जैन ने स्पष्ट किया कि भारत का मूल स्वर सामाजिक समरसता है और यहाँ जातिगत भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्य वक्ता कमलेश शर्मा ने समाज परिवर्तन के पांच आयाम—स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को अपनाना और परिवारों में संस्कारों को जीवित रखना ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।*संगठित हिंदू समाज ही समर्थ भारत की नींव*दोनों ही कार्यक्रमों में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि जब समाज संगठित होगा, तभी देश की चुनौतियों का सामना किया जा सकेगा। अनुरा भार्गव ने भारतीय भाषा और वेशभूषा पर गर्व करने की सीख दी। इन सम्मेलनों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और युवाओं की उपस्थिति रही। आयोजनों का समापन भारत माता की आरती और सामूहिक भोज के साथ हुआ, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर समरसता का संदेश दिया।